# अब क्या होगा?

## कॉरोनियल (मृत्यु समीक्षा) प्रक्रिया में पहला चरण

यह ब्रोशर उन चीज़ों के बारे में बताता है जिसके बारे में आपको किसी प्रियजन की मृत्यु की सूचना कॉरोनर (मृत्यु-समीक्षक) को सूचित करने के तुरंत बाद जानने की आवश्यकता होती है, इसमें आपके लिए उपलब्ध सहायता और कॉरोनियल प्रक्रिया के प्रारंभिक चरणों में कॉरोनर द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी भी शामिल होती है।

## मुश्किल समय में सहायता

विक्टोरिया के Coroners Court of Victoria (the Court) और Coronial Admissions and Enquiries (CA&E) के कर्मचारी आपको दुःख और हानि में मददगार सम्भवत: सहायता कर पाने वाली सेवाओं की जानकारी और रेफरल दे सकते हैं। इस ब्रोशर के पिछले पृष्ठ में इस मुश्किल समय के दौरान मदद करने वाली विभिन्न सहायता सेवाओं की सहायक संपर्कों की सूची दी गई है।

## कॉरोनर की भूमिका

यदि संभव हो तो यह आवश्यक है कि कॉरोनर निम्न के बारे में पता लगाए:

1. मृतक व्यक्ति की पहचान
2. मृत्यु का कारण
3. कुछ मामलों में, मृत्यु संबंधी परिस्थितियाँ।

कॉरोनर सभी प्रकार की मृत्यु की घटनाओं की जांच नहीं करते हैं, वे मृत्यु की केवल उन घटनाओं की जांच करते हैं जो "रिपोर्ट करने योग्य" होती हैं।

रिपोर्ट करने योग्य मृत्यु की घटनाओं में निम्न शामिल हैं:

- जो अप्रत्याशित, अप्राकृतिक या हिंसक हों, या किसी दुर्घटना या चोट के कारण घटित हुई हों
- जो किसी चिकित्सा प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद अप्रत्याशित रूप से घटित हुई हों
- जो तब घटित हुई हों जब मृतक व्यक्ति हिरासत या देखभाल में था
- जब कोई डॉक्टर मृत्यु प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने में सक्षम नहीं हो
- जब व्यक्ति की पहचान ज्ञात न हो।

## प्रथम संपर्क

अस्पताल में हुई कुछ मृत्यु की घटनाओं के अलावा, पुलिस कॉरोनर को सूचित की गई मृत्यु की सभी घटनाओं के स्थलों पर जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पुलिस को कॉरोनर के लिए मृत्यु की रिपोर्ट पूरी करनी होती है। घटनास्थल पर पुलिस की मौजूदगी का अर्थ यह नहीं है कि उन्हें विश्वास है कि मृत्यु में कोई अन्य शामिल था। वे अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए जल्दी ही परिवार से भी बात कर सकते हैं। यह कॉरोनर को सूचित की गई मृत्यु की सभी घटनाओं के लिए सामान्य कॉरोनियल प्रक्रिया का हिस्सा है।

CA&E के कर्मचारी कॉरोनियल प्रक्रिया के पहले चरणों के बारे में आपसे संपर्क करेंगे।

CA&E राज्यव्यापी, 24 घंटे की सेवा है जो Victorian Institute of Forensic Medicine द्वारा प्रदान की जाती है।

CA&E की भूमिका निम्न होती है:

- मृत्यु की घटनाओं की रिपोर्ट प्राप्त करना
- मृतक व्यक्ति के शव को CA&E की देखरेख में लेना
- मृतक व्यक्ति की पहचान करने में समन्वय करना
- कॉरोनर के लिए मृत्यु की घटना की चिकित्सीय जांच का समन्वय करना
- मृतक व्यक्ति के शव को अंतिम संस्कार के लिए देना।

## देखभाल में प्रवेश

ज्यादातर मामलों में, यदि आपके प्रियजन की मृत्यु मेलबोर्न में हुई है, तो उन्हें Coronial Services Centre, 65 Kavanagh Street, Southbank में CA&E की देखभाल में ले जाया जाएगा। यदि आपके प्रियजन की मृत्यु क्षेत्रीय (रिज़नल) विक्टोरिया में हुई है, तो CA&E के कर्मचारी आपसे संपर्क करेंगे और आपको बताएंगे कि उनकी देखभाल कहाँ की जा रही है।

यदि आप अपने प्रियजन को देखना या उसके साथ समय बिताना चाहते/ती हैं तो CA&E के कर्मचारी आपकी मदद करेंगे और आपसे इस बारे में भी बात करेंगे कि वरिष्ठ निकटतम रिश्तेदार कौन होगा। कॉरोनियल जांच के बारे में कोई भी संचार उस व्यक्ति या उनके चुने हुए प्रतिनिधि के माध्यम से ही किया जाएगा।

## वरिष्ठ निकटतम रिश्तेदार

वरिष्ठ निकटतम रिश्तेदार आमतौर पर व्यक्ति का जीवनसाथी या घरेलू साथी (पार्टनर) होता है। यदि व्यक्ति का कोई पार्टनर नहीं है, या वे उपलब्ध नहीं हैं, तो वरिष्ठ निकटतम रिश्तेदार (इस निम्न क्रम में) होगा:

- वयस्क बेटा या बेटी (18 वर्ष और इससे अधिक)
- माता या पिता
- वयस्क भाई या बहन (18 वर्ष और इससे अधिक)
- वसीयत में निष्पादक (वसीयत प्रबंधक) के रूप में नामित व्यक्ति
- ऐसा व्यक्ति जो मृतक की मृत्यु से ठीक पहले, उसका निजी प्रतिनिधि हो
- ऐसा व्यक्ति जिसके मृतक की मृत्यु से ठीक पहले मृतक के साथ घनिष्ठ संबंध होने के कारण कॉरोनर ने उन्हें वरिष्ठ निकटतम रिश्तेदार घोषित करने का निर्णय लिया हो।

## पहचान

कॉरोनर को मृतक व्यक्ति की पहचान की पुष्टि करनी होती है। इसमें आँखों देखी या चिकित्सा और वैज्ञानिक पहचान विधियां शामिल हो सकती हैं।

यदि आँखों देखी पहचान की आवश्यकता होती है, तो आपको अपने प्रियजन की पहचान करने के लिए कॉरोनियल सेवा केंद्र में बुलाया जा सकता है। किसी प्रियजन की पहचान करने के लिए, आपका परिवार का सदस्य होना या उस व्यक्ति की मृत्यु के समय उसे अच्छी तरह से जानना आवश्यक है। CA&E के कर्मचारी कार्यालय समय के दौरान आपके लिए देखने का समय निर्धारित करेंगे।

पहचान के लिए चिकित्सा या वैज्ञानिक तरीकों में दांतो का रिकॉर्ड, अंगुलियों के निशान या DNA की तुलना का उपयोग करना शामिल है। कॉरोनर पहचान का सबसे सही तरीका निश्चित करेगा और CA&E के कर्मचारी आपको उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताएंगे।

## चिकित्सा परीक्षण

किसी व्यक्ति की मृत्यु के कारण को जानने में कॉरोनर की मदद के लिए चिकित्सा परीक्षण किया जाता है। चाहे यह स्पष्ट रूप से प्रतीत हो, फिर भी यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कॉरोनर यह पता लगाने में सक्षम हो कि वास्तव में क्या हुआ था।

### प्रारंभिक परीक्षण

जब आपका प्रियजन CA&E की देखभाल के तहत होगा, तो उनका परीक्षण फोरेंसिक रोगविज्ञानी द्वारा किया जायेगा। यह प्रारंभिक परीक्षण कम से कम चीरा लगाकर किया जाता है। CA&E कर्मचारी फोरेंसिक रोगविज्ञानी के साथ मिलकर काम करते हैं और आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। CA&E कर्मचारी आपके प्रियजन के मेडिकल रिकॉर्ड या अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए आपसे सहायता मांग सकते हैं। उन्हें मृत्यु से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में भी आपसे बात करने की आवश्यकता हो सकती है। मृत्यु संबंधी चर्चा के लिए पुलिस आपसे भी संपर्क कर सकती है। इससे कॉरोनर को मृत्यु संबंधी अधिक से अधिक तथ्य जुटाने में मदद मिलती है।

### शव परीक्षण (ऑटोप्सी)

कुछ मामलों में, फोरेंसिक रोगविज्ञानी को शव परीक्षण करने की आवश्यकता होगी। यह एक ऐसी चिकित्सा प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य मृत्यु के चिकित्सीय कारण का पता लगाना है। यदि किसी कॉरोनर को शव परीक्षण की आवश्यकता लगती है, तो CA&E के कर्मचारी प्रक्रिया को समझाने और किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पहले वरिष्ठ निकटम रिश्तेदार से संपर्क करेंगे। यदि आपको शव परीक्षण पर आपत्ति है - उदाहरण के लिए, धार्मिक या सांस्कृतिक कारणों से - तो कृपया CA&E के कर्मचारी को बताएं ताकि वे कॉरोनर को इस बारे में बता सकें। कॉरोनर आपकी चिंताओं को ध्यान में रखेगा और CA&E के कर्मचारी आपको कॉरोनर के निर्णय के बारे में बताने के लिए आपसे दोबारा संपर्क करेंगे।

## व्यक्तिगत सामान

पुलिस आम तौर पर मृत्यु के स्थान पर पाए गए व्यक्तिगत सामान, जैसे आभूषण, कपड़े और अन्य कीमती सामान अपने पास रखती है और फिर उन्हें अंतिम संस्कार प्रक्रिया के प्रबंधक को दे देती है। कभी-कभार, पुलिस कुछ वस्तुओं को फोरेंसिक जांच के लिए भी रख सकती है। अन्यथा, सभी व्यक्तिगत वस्तुएँ परिवार को लौटाने के लिए अंतिम संस्कार प्रक्रिया के प्रबंधक को दे दी जाती हैं। यदि व्यक्तिगत सामान संबंधी आपका कोई प्रश्न है तो कृपया CA&E के कर्मचारी को बताएं।

## अंतिम संस्कार के लिए योजना बनाना

आप किसी भी समय अंतिम संस्कार प्रक्रिया के प्रबंधक से संपर्क कर सकते/ती हैं। अंतिम संस्कार प्रक्रिया के प्रबंधक अंतिम संस्कार के प्रबंध में आपकी मदद करेगा और आपके और CA&E के कर्मचारी के साथ संपर्क बनाए रखेगा। यदि आवश्यक हो तो अंतिम संस्कार के लिए प्रबंधक आपके प्रियजन को क्षेत्रीय (रिज़नल) विक्टोरिया में स्थानांतरित करने की व्यवस्था कर सकता है।

## मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना

Registry of Births, Deaths and Marriages Victoria (BDM) द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए शुल्क होता है, जिसे अंतिम संस्कार की लागत के हिस्से के रूप में शामिल किया जा सकता है। अधिकतर मामलों में, आपको मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सीधे आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी - आमतौर पर, अंतिम संस्कार प्रक्रिया का प्रबंधक आपके लिए ऐसा करेगा। BDM उस व्यक्ति को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करेगा जिसे अंतिम संस्कार प्रक्रिया के प्रबंधक ने मुखबिर के रूप में सूचीबद्ध किया है। यदि आप अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने वाले व्यक्ति नहीं थे, तो आप मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति के लिए सीधे BDM को आवेदन करने के पात्र हो सकते हैं। BDM आपकी आवश्यकताओं और कॉरोनर द्वारा निर्धारित मृत्यु के कारण के आधार पर विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्र प्रदान करता है।

### मृत्यु प्रमाण पत्र - मृत्यु का कारण बताए बिना

इस कानूनी प्रमाणपत्र में आपके प्रियजन के बारे में संवेदनशील जानकारी जैसे मृत्यु का कारण, दफन जानकारी, या पंजीकरण तिथि शामिल नहीं की जाती है। यदि कॉरोनर ने अभी तक मृत्यु का कारण स्थापित नहीं किया है तो यह प्रमाणपत्र जारी किया जा सकता है और इसका उपयोग उन संगठनों के साथ किया जा सकता है जिनके लिए आपको अपने प्रियजन की मृत्यु का कारण बताने की आवश्यकता नहीं है। हमेशा यह जांच कर लेना सही होता है कि जिस संगठन के साथ आप काम कर रहे/ही हैं, यदि वे मृत्यु प्रमाण पत्र स्वीकार करेंगे या नहीं।

### मृत्यु प्रमाण पत्र - मृत्यु के कारण सहित

इस कानूनी प्रमाणपत्र में आपके प्रियजन के बारे में संवेदनशील जानकारी जैसे मृत्यु का कारण, दफन जानकारी और पंजीकरण तिथि सहित सभी विवरण शामिल होते हैं। यह प्रमाणपत्र किसी भी संगठन को प्रदान किया जा सकता है जो आपसे आपके प्रियजन की मृत्यु का प्रमाण मांगते हैं। **ध्यान दें:** BDM द्वारा यह प्रमाणपत्र जारी करने से पहले कॉरोनर द्वारा मृत्यु का कारण निर्धारित किये जाने की आवश्यकता होती है।

### अंतरिम मृत्यु प्रमाण पत्र

यदि आपको अपने प्रियजन के शव को उनके देश वापस भेजने की आवश्यकता है तो अंतरिम मृत्यु प्रमाणपत्र का उपयोग किया जाता है। यह तब जारी किया जा सकता है, यदि कॉरोनर द्वारा अभी तक मृत्यु का कारण स्थापित नहीं किया गया है।

## सहायक संपर्क

यदि कॉरोनियल जांच के प्रारंभिक चरणों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो आप CA&E से 1300 309 519 (24 घंटे) पर संपर्क कर सकते/ती हैं या न्यायालय की वेबसाइट www.coronerscourt.vic.gov.au पर जा सकते/ती हैं।

अतिरिक्त सहायता सेवाएँ जो इस कठिन समय के दौरान सहायता कर सकती हैं, निम्न सूचीबद्ध हैं। जब तक अन्यथा न कहा जाए, ये नंबर व्यावसायिक घंटों के दौरान उपलब्ध होते हैं।

• Court Network (Court Process Support) 1800 681 614

• Donor Tissue Bank of Victoria (03) 9684 4444

• Federation of Community Legal Centres Victoria (03) 9652 1500

• Grief Australia (03) 9265 2100

• GriefLine 1300 845 745 (सुबह 8 से रात 8 बजे तक: सोमवार-शुक्रवार)

- Hope Bereavement Care (Geelong क्षेत्र) (03) 4215 3358
- Interpreter Service 13 14 50
- Lifeline 13 11 14 (24 घंटे)
- Mercy Grief Services (केवल पश्चिमी महानगर क्षेत्र) (03) 9313 5700
- National Relay Service TTY 13 36 77 (सुनने में समस्या से ग्रस्त लोगों के लिए) 1300 555 727 (स्पीक एंड लिसन)
- Registry of Births, Deaths and Marriages Victoria 1300 369 367
- Road Trauma Support Services 1300 367 797
- Red Nose (भूतपूर्व SIDS and Kids) 1300 308 307 (24 घंटे)
- State Trustees (03) 9667 6444, 1300 138 672 (ग्रामीण क्षेत्र)
- SuicideLine Victoria 1300 651 251 (24 घंटे)
- Support After Suicide 1800 943 415
- StandBy - Support After Suicide 1300 727 247
- The Compassionate Friends Victoria (03) 9888 4944, 1300 064 068 (24 घंटे)
- Victims of Crime Helpline 1800 819 817
- Victoria Legal Aid 1300 792 387
- Victorian Aboriginal Legal Services 1800 064 865